# 12 राजस्थान के अन्य महत्त्वपूर्ण राजवंश

1. वागड़ के किस परमार शासक द्वारा अर्थुणा (बाँसवाड़ा) में मण्डलेश्वर महादेव मन्दिर का निर्माण करवाया गया, जिसमें लगी प्रशस्ति से वागड़ के परमारों का अच्छा वर्णन मिलता है?
(1) चामुण्डराज (2) मंडलीक
(3) विजयराज (4) सत्यराज (1)

2. किशनगढ़ के शासक सांवतसिंह जो एक अच्छे कवि व साहित्यकार थे, साथ ही विद्वानों व कवियों के आश्रयदाता भी थे। ये किस नाम से काव्य रचना करते थे?
(1) राजा सांवत (2) नागरीदास
(3) मोरध्वज (4) बृजनिधि (2)

3. अलवर रियासत के अंतिम शासक कौन थे जिनके शासनकाल में (18 मार्च, 1948) अलवर रियासत का विलय 'मत्स्य संघ' में हो गया?
(1) जयसिंह (2) विनय सिंह
(3) बख्तावर सिंह (4) तेजसिंह (4)

4. डूँगरपुर के उस गुहिल शासक का नाम बताइए जिसने 1577 ई. में मुगलों की अधिनता स्वीकार की तथा सोम व माही नदी के संगम पर बेणेश्वर (डूँगरपुर) में शिव मन्दिर का निर्माण करवाया?
(1) पृथ्वीराज (2) उदयसिंह
(3) आसकरण (4) सोमदास (3)

5. कवि गंगाराम प्रतापगढ़ के किस शासक के आश्रय में रहते थे, जिन्होंने 'हरिभूषण महाकाव्य' की रचना की जिसमें प्रतापगढ़ के शासकों का वर्णन मिलता है?
(1) रावत प्रतापसिंह (2) रावत हरिसिंह
(3) रावत सिहा (4) रावत गोपालसिंह (2)

6. जैसलमेर के किस शासक ने महारानी विक्टोरिया व स्वयं के नाम के चाँदी के सिक्के चलवाए तथा 1879 में अंग्रेजों से नमक समझौता किया?
(1) महारावल रणजीत सिंह (2) महारावल गजसिंह
(3) महारावल शालिवाहन द्वितीय (4) महारावल बैरीशाल (4)

7. राजस्थान की नवीनतम रियासत झालावाड़ में 1857 की क्रान्ति के समय शासक कौन थे, जिन्होंने 1866 में रेलवे लाइन बिछाने हेतु नि:शुल्क भूमि भी प्रदान की थी?
(1) राजराणा पृथ्वीसिंह (2) राजराणा मदन सिंह
(3) राजराणा जालित सिंह (4) राजराणा हरिशचन्द्र (1)

8. निम्न में से भटनेर (हनुमानगढ़) किले का निर्माण किसके द्वारा करवाया गया?
(1) भट्टी (2) भूपत भाटी
(3) मांडनराव (4) मंगलराव (2)

**व्याख्या–** भट्टी के पुत्र राजा भूपत भाटी ने 285 ई. के आसपास भटनेर के किले का निर्माण करवाया और उसे अपनी राजधानी बनाया।

9. 1857 की क्रांति के समय किशनगढ़ के शासक निम्न में से कौन थे?
(1) कल्याणसिंह (2) बिडद सिंह
(3) पृथ्वीसिंह (4) सुमेर सिंह (3)

10. राजस्थान के एकीकरण के समय डूँगरपुर के शासक कौन थे, जिन्हें संयुक्त राजस्थान संघ का उप राजप्रमुख बनाया गया था?
(1) महारावल उदयसिंह द्वितीय (2) महारावल लक्ष्मण सिंह
(3) महारावल उदय सिंह प्रथम (4) महारावल विजय सिंह (2)

**व्याख्या–** राजस्थान के एकीकरण के दूसरे चरण में 25 मार्च, 1948 को डूँगरपुर का 'पूर्व राजस्थान संघ' में विलय हो गया।

11. निम्न में से किस परमार शासक के शासनकाल में चालुक्य राजा धवल के मंत्री वास्तुपाल व तेजपाल द्वारा आबू के देलवाड़ा नामक ग्राम में भगवान नेमीनाथ का मन्दिर बनवाया गया था?
(1) सोमसिंह (2) धारावर्ष परमार
(3) धरणीवराह (4) महिपाल (1)

**व्याख्या–** भगवान नेमिनाथ का मन्दिर जिसे लूणवशाही मन्दिर या वास्तुपाल–तेजपाल मन्दिर भी कहते हैं।

12. धनावा शिलालेख (1176 ई.) में जैसलमेर के किस शासक को 'महाराजा' की उपाधि से विभूषित किया गया है?
(1) विजयराज (2) रावल जैतसिंह
(3) देवराज भाटी (4) भोज (1)

**व्याख्या–** विजयराज की अन्य उपाधियाँ– परम भट्टारक, महाराजाधिराज, परमेश्वर।

13. करौली के किस शासक ने द्वितीय विश्वयुद्ध में अंग्रेजों ही हर प्रकार से सहायता की थी?
(1) मदनपाल (2) भौमपाल
(3) गणेशपाल (4) जयसिंहपाल (2)

14. वल्लभ, मेरूतुंग, वररुचि, सुबन्धु, अमर, राजशेखर, माघ व मानतुंग आदि विद्वान मालवा के किस परमार शासक के दरबार में थे?
(1) जयसिंह (2) भोज
(3) मुंज (4) सिंधुराज (2)

15. सावंत सिंह के बारे में निम्न कथनों पर विचार करें–
(1) ये स्वयं एक अच्छे कवि व साहित्यकार थे।
(2) ये नागरीदास के नाम से काव्य रचना करते थे।
(3) इनकी एक प्रियसी बणी–ठणी थी।
(4) इनकी सभी रचनाओं का संग्रह 'नागर समुच्चय' के नाम से जाना जाता है।
सही कूट का चयन करे–
(A) 1, 2 व 3 (B) 1, 2, 3 व 4
(C) 1, 3 व 4 (D) 2, 3 व 4 (B)

16. चावड़ा राजपूतों का सबसे प्रचीन राज्य निम्न में से कौनसा था?
(1) वढ़वाण (2) अन्हिलवाड़ा
(3) भीनमाल (4) करौली (3)

17. कनिंघम के अनुसार अलवर का मूल (प्राचीन) नाम क्या था?
(1) साल्वपुर (2) अलवर
(3) हलवर (4) सलवर (1)

18. चित्तौड़गढ़ के दूसरे साके में बहादुर शाह के खिलाफ मेवाड़ की रक्षा करते हुए प्रतापगढ़ के किस शासक ने वीरगति प्राप्त की थी?
(1) सूरजमल (2) रावत प्रताप सिंह
(3) रावत सीहा (4) रावत बाघ सिंह (4)

19. किस शासक के शासनकाल में प्रतापगढ़ का आधुनिकीकरण हुआ था ?
(1) अम्बिका प्रसाद (2) रावत रामसिंह
(3) रावत सालिम सिंह (4) रावत दलपत सिह (2)

20. बाँसवाड़ा के शासक कुशल सिह के समय मुगल बादशाह कौन थे?
(1) अकबर (2) शाहजहाँ
(3) जहाँगीर (4) औरंगजेब (4)

व्याख्या– औरंगजेब के समय मुगल-मेवाड़ संघर्ष के दौरान कुशलसिंह ने नया फरमान जारी करवाकर बाँसवाड़ को पुन: मेवाड़ से अलग करवा लिया था।

21. महारावल रणजीत सिह (जैसलमेर) के बारे में असत्य कथन की पहचान करे?
(1) इनके शासनकाल में 'भट्टि वंश प्रशस्ति' नामक संस्कृत ग्रंथ की रचना हुई।
(2) इनके समय स्थानीय सिक्कों पर मुगल बादशाह मुहम्मद शाह का नाम हटाकर महारानी विक्टोरिया का नाम लिखा जाने लगा।
(3) 1857 की क्रांति के दौरान इन्होंने अंग्रेजों का साथ नहीं दिया था।
(4) 1857 की क्रान्ति के समय ये जैसलमेर के शासक थे। (3)

व्याख्या– 1857 की क्रांति के समय महारावल रणजीत सिंह ने खुलेतौर पर अंग्रेजों का साथ दिया था।

22. निम्न में से किशनगढ़ के किस शासक ने ईस्ट इण्डिया कम्पनी से संधि की थी?
(1) महारावल शम्भु सिंह (2) कल्याणसिंह
(3) उम्मेद सिंह (4) महारावल पृथ्वीसिंह (2)

व्याख्या– कल्याणसिंह ने 7 अप्रैल, 1818 को ईस्ट इंडिया कम्पनी से संधि की थी। अंग्रेजों ने किशनगढ़ राज्य को खिराज से मुक्त रखा था।

23. बाँसवाड़ा में बख्तबाव बावड़ी, बख्तेश्वर शिवालय, राजराजेश्वर शिवालय का निर्माण किस शासक द्वारा करवाया गया था?
(1) लक्ष्मण सिंह (2) उम्मेद सिंह
(3) पृथ्वी सिंह प्रथम (4) पृथ्वी सिंह द्वितीय (1)

24. शाहपुरा के शासक भरतसिंह ने अपने राज्य में सिक्के ढालने की अनुमति किससे प्राप्त की थी?
(1) महाराणा संग्राम सिंह द्वितीय (2) औरंगजेब
(3) महाराणा सांगा (4) शाहजहाँ (2)

25. डूँगरसिंह ने राजधानी बड़ौदा से हटाकर किस स्थान पर नई राजधानी बनाई?
(1) प्रतापगढ़ (2) डूँगरपुर
(3) बाँसवाड़ा (4) उदयपुर (2)

व्याख्या– सामंतसिंह ने 1178 ई. में वागड़ क्षेत्र गुहिल वंश की स्थापना की व वटप्रदक (बड़ौदा) को अपनी राजधानी बनाया।

26. डूँगरपुर के किस शासक ने मराठों के आक्रमण से बचने के लिए पेशवा बाजीराव प्रथम से संधि कर उसे खिराज दिया था?
(1) महारावल रामसिंह (2) महारावल आसकरण
(3) प्रतापसिंह (4) कान्हड़ेदव (1)

27. 1857 में अलवर के शासक विनयसिह की मृत्यु हो जाने के बाद उनका अल्पव्यस्क उत्तराधिकारी कौन बना था?
(1) मंगलसिंह (2) शिवदानसिंह
(3) बख्तावर सिंह (4) तेजसिंह (2)

व्याख्या– शिवदान सिंह के अल्पव्यस्क होने के कारण शासन संचालन का कार्य मुन्शी अम्मू ने संभाला था।

28. अलवर के किस शासक ने भरतपुर के जवाहर सिंह के खिलाफ माण्डवा-मंढौली के युद्ध में जयपुर के माधोसिंह की सहायता की थी?
(1) प्रतापसिंह (2) बख्तावर सिंह
(3) कल्याणसिंह (4) जयसिंह (1)

व्याख्या– 1767 ई. में माण्डवा-मंढौली के युद्ध में भरतपुर के शासक जवाहर सिंह के खिलाफ प्रतापसिंह ने जयपुर के सवाई माधोसिंह को सहायता प्रदान की थी। इस लड़ाई के बाद प्रतापसिंह ने अलवर का दुर्ग व कुछ क्षेत्र जाटों से छीन लिया था।

29. जैसलमेर में पशुओं को पीठ पर दागने की प्रथा किस शासक के शासनकाल में शुरू की गई थी?
(1) महारावल जवाहरसिंह (2) महारावल गिरधर सिंह
(3) महारावल शालिवाहन I (4) शालीवाहन II (1)

30. मुहम्मद गौरी ने करौली के किस शासक को हराकर तिमनगढ़ दुर्ग पर अधिकार कर लिया था?
(1) विजयपाल (2) धर्मपाल द्वितीय
(3) कुंवरपाल (4) धर्मपाल (3)

व्याख्या– तिमनगढ़ दुर्ग का निर्माण तिमनपाल ने करवाया था।

31. डूँगरपुर में 'रामलक्ष्मण बैंक, देवेन्द्र पाठशाला व उदयशाही सेर' का प्रचलन कार्य किस शासक द्वारा करवाया गया था?
(1) महारावल उदयसिंह II (2) महारावल उदयसिंह I
(3) महारावल विजयसिंह (4) महारावल लक्ष्मणसिंह (3)

32. देवलिया (प्रतापगढ़) में 'गोपाल महल' का निर्माण किसके द्वारा करवाया गया था?
(1) रावत गोपालसिंह (2) रावत सालिम सिंह
(3) रावत सिहा (4) रावत सामन्त सिंह (2)

33. जैसलमेर के भाटी स्वयं को किस भगवान का वंशज मानते हैं?
(1) श्रीराम (2) श्रीकृष्ण
(3) कुश (4) एकलिंगजी (2)

34. टोंक के उस प्रमुख नवाब का नाम बताइए जिसने लार्ड लिटन के दरबार (1877 ई.) तथा लार्ड कर्जन के दिल्ली दरबार (1903 ई.) में भाग लिया था?
(1) मोहम्मद इब्राहीम खाँ (2) मोहम्मद अली खाँ
(3) मोहम्मद सआदत खाँ (4) मोहम्मद वजीरूदौला (1)

35. विनयसिंह ने मेव जाति से सुरक्षा के लिए निम्न में से किस दुर्ग का निर्माण करवाया था?
(1) नीमराणा (2) नीमूचाणा
(3) रघुनाथगढ़ दुर्ग (4) कठुमर दुर्ग (3)

**व्याख्या–** विनयसिंह ने मूसी रानी की छतरी, सिलीसेढ झील व सिलीसेढ़ पैलेस का निर्माण करवाया।

36. डूँगरपुर में नौलखा बाग तथा गेपसागर झील किनारे गोवर्द्धन मंदिर का निर्माण निम्न में से किस शासक द्वारा करवाया गया था?
(1) सहसमल (2) महारावल पुंजराज
(3) महारावल जसवंतसिंह (4) महारावल शिवसिंह (2)

**व्याख्या–** महारावल पुंजराज ने पुंजपुर गांव बसाया व पुंजेला तालाब का निर्माण करवाया।

37. किशनगढ़ के किस शासक को आधुनिक साइकिल पोलो का पिता कहा जाता है?
(1) महाराजा कल्याणसिंह (2) महाराजा सुमेरसिंह
(3) महाराजा पृथ्वीसिंह (4) सामंत सिंह (2)

38. मालवा के परमार शासकों के बारे में कौनसा कथन सत्य नहीं है?
(1) मालवा के परमारों का मूल उत्पत्ति स्थान भीनमाल था।
(2) इनकी राजधानी उज्जैन या धारानगरी रही है।
(3) इन्होंने आहड़ को नष्ट कर चित्तौड़ पर अधिकार कर लिया था।
(4) राजस्थान के कोटा का दक्षिण भाग, झालावाड़, वागड़ व प्रतापगढ़ के पूर्वी भाग पर इसका अधिकार रहा है। (1)

**व्याख्या–** मालवा के परमारों का मूल उत्पत्ति स्थान आबू था।

39. मोहम्मद गौरी के विरूद्ध गुजरात की सेना का नेतृत्व किस परमार शासक ने किया था?
(1) विक्रमदेव (2) कृष्णदेव
(3) धन्धुक (4) धारावर्ष (4)

40. पंडित हरिनारायण शर्मा को अलवर के किस शासक ने अपना सलाहकार नियुक्त किया?
(1) विनय सिंह (2) प्रताप सिंह
(3) जयसिंह (4) बख्तावर सिंह (3)

Dhindhwal Publication
Lead, Read and Achieve